2026-27 में खरीफ फ़सलों की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत बनाम एम एस पी

कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने 2026-27 खरीफ विपणन मौसम के लिए भारत की खरीफ फ़सलों की उत्पादन लागत का अनुमान लगाया है। इन लागतों के आधार पर, सी ए सी पी ने खरीफ फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) की सिफारिश की थी जिसे 13 मई, 2026 को भारतीय मंत्रिमंडल ने मंज़ूरी दी थी।

सी ए सी पी गणना के अनुसार, फ़सलों के उत्पादन की लागत में ए2 (वास्तविक भुगतान की गई लागत), ए2+एफ एल (वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य) और सी2 [स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत {भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)}] शामिल हैं। आयोग प्रत्येक फ़सल के लिए उत्पादन लागत का अनुमान लगाने के लिए राज्यवार वास्तविक लागत अनुमान लेता है।

आयोग ने 2024-25 में समाप्त त्रैवार्षिक अवधि के दौरान पैदावार लागत और समग्र आदान सूचकांक के देखते हुए 2026-27 खरीफ के लिए फ़सलों की उत्पादन लागत का अनुमान लगाया है।

आगामी ख़रीफ़ मौसम में धान के लिए व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत की गणना 2,162 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। धान की सामान्य और ग्रेड ए किस्मों का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 2,441 रुपये प्रति क्विंटल और 2,461 रुपये प्रति क्विंटल है।

2026-27 खरीफ मौसम के लिए मक्का की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 1,997 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि इसका समर्थन मूल्य 2,410 रुपये प्रति क्विंटल है।

मोटे अनाजों में, बाजरे की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 2,356 रुपये प्रति क्विंटल के साथ सबसे कम है। इसके बाद ज्वार और रागी की उत्पादन लागत क्रमशः 3,464 रुपये प्रति क्विंटल और 4,308 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है।

2026-27 खरीफ मौसम के लिए बाजरा, ज्वार (मालदांडी), ज्वार (हाइब्रिड) और रागी का एम एस पी क्रमशः 2,900 रुपये प्रति क्विंटल, 4,023 रुपये प्रति क्विंटल, 4,073 रुपये प्रति क्विंटल और 5,205 रुपये प्रति क्विंटल है।

खरीफ दालों में तुअर (अरहर), उड़द और मूंग की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत क्रमशः 7,330 रुपये प्रति क्विंटल, 6,905 रुपये प्रति क्विंटल और 7,091 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है। 2026-27 खरीफ मौसम के लिए तुअर (अरहर), उड़द और मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 8,450 रुपये प्रति क्विंटल, 8,200 रुपये प्रति क्विंटल और 8,780 रुपये प्रति क्विंटल है।

2026-27 खरीफ मौसम के लिए तिलहनों में मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल और नाइजरसीड की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत क्रमशः 6,255 रुपये प्रति क्विंटल, 4,879 रुपये प्रति क्विंटल, 6,807 रुपये प्रति क्विंटल, 9,075 रुपये प्रति क्विंटल और 8,274 रुपये प्रति क्विंटल लगाई गई है।

2026-27 खरीफ मौसम के लिए, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल और नाइजरसीड का समर्थन मूल्य क्रमशः 7,517 रुपये प्रति क्विंटल, 8,343 रुपये प्रति क्विंटल, 5,708 रुपये प्रति क्विंटल, 10,346 रुपये प्रति क्विंटल और 10,052 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

सी ए सी पी की गणना के अनुसार 2026-27 खरीफ मौसम के लिए कपास की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 7,083 रुपये प्रति क्विंटल है। मध्यम और लंबे रेशे वाली

कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 8,267 रुपये प्रति क्विंटल और 8,667 रुपये प्रति क्विंटल है।

2026-27 खरीफ विपणन मौसम के लिए फ़सलों की अखिल भारतीय अनुमानित उत्पादन लागत और एम एस पी

फ़सल	अनुमानित उत्पादन (क्विंटल प्रति हेक्टेयर)	2026-27 खरीफ विपणन मौसम की अनुमानित उत्पादन लागत (रुपये प्रति क्विंटल)			2026-27 का एम एस पी (रुपये / क्विंटल)
		*ए2	**ए2+एफएल	*सी2	
धान (सामान्य)	45.16	1,288	1,627	2,162	2,441
धान (ग्रेड ए)					2,461
ज्वार (हाइब्रिड)	13.88	2,027	2,682	3,464	4,023
ज्वार (मालदांडी)					4,073
बाजरा	16.12	1,153	1,858	2,356	2,900
रागी	14.68	2,536	3,470	4,308	5,205
मक्का	39.68	1,217	1,544	1,997	2,410
तुअर (अरहर)	10.49	4,267	5,496	7,330	8,450
मूंग	5.47	3,780	5,438	7,091	8,780
उड़द	6.72	4,045	5,418	6,955	8,200
मूंगफली	18.6	4,192	5,011	6,225	7,517
सूरजमुखी के बीज	8.29	4,771	5,562	6,807	8,343
सोयाबीन	13.63	3,303	3,805	4,879	5,708
तिल	5.68	4,291	6,897	9,075	10,346
नाइजरसीड	4.17	1,905	6,701	8,274	10,052
कपास (मध्यम रेशा)	15.99	4,443	5,511	7,083	8,267
कपास (लंबा रेशा)					8,667

स्रोत: सी ए सी पी गणना

*ए2: वास्तविक भुगतान की गई लागत

**ए2+एफएल: वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य

#सी2: भुगतान की गई लागत सहित परिवार श्रम का लगाया गया मूल्य और स्वयं की भूमि की किराया मूल्य और निर्धारित पूंजी पर ब्याज